हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025



### हड़ताल में डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट लैब व एक्सरे टेक्नीशियन एएनएम हुए शामिल

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने थाली बजाते रैली निकाली व सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर दो दिवसीय आंदोलन पर थे जिसमे आक्रोश रैली के आयोजन के तहत कर्मचारियो द्वारा तख्ती लेकर ताली और थाली बजाते हुए सरकार को जगाने का प्रयास किया गया। जो नगर के विभिन्न जगहो से गुजरते हुए नगर के तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अधिकारी को सौपा गया।

■ चिकित्सा स्टाफ में लगभग 35 प्रतिशत संविदा कर्मचारियों के भरोसे

एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा आयोजित यह रैली नगर के नए बस स्टैंड से प्रारंभ होकर दल्ली चौक होते हुए घड़ी चौक फिर जयस्तंभ चौक पर एसडीएम ▶▶| शेष पेज 13 पर



### आंदोलन से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

इस आदोलन के कारण टीबी, कुष्ठ, मलेरिया, टीकाकरण, लैब की जांचे, दवाई का वितरण, स्कूलों आआंगनबाड़ी में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण नवजात शिशु देखभाल केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र, बुजुगों की फिजियोथेरेपी, गाँव के आयुष्मान केंद्रों में ओपीडी, मौसमी बीमारियों की रोकथाम ▶▶| शेष पेज 13 पर

## मोदी की गारंटी के अनुरूप सुविधा की मांग पर कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

**बालोद।** अपनी 11 सूत्रीय मांगो को लेकर जिले के अधिकारी कर्मचारीयो द्वारा नया बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। जहां प्रदर्शन के पश्चात जिले के अधिकारी कर्मचारीयो द्वारा बरसते पानी मे कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने कहा कि केंद्र सरकार की मोदी गारंटी के अनुरूप सुविधाएं प्रदेश में भी तत्काल प्रभाव से लागू की जाएं तथा वर्षों से लंबित मांगों का शीघ्र ▶▶| शेष पेज 13 पर



# बिजली दर में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने दफ्तर का किया घेराव



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम अंडा में ब्लाक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्रकार के नेतृत्व में बिजली बिल बढ़ोतरी को लेकर बिजली ऑफिस कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन दिया गया। प्रदीप चन्द्रकार ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने डेढ़ साल मे चौथी बार बिजली बिल की बढ़ोतरी कर एक बार फिर प्रदेश की जनता को लूटने का काम किया हैं।बिजली उपभोक्ताओं को घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति मिनट की वृद्धि और गैस घरेलू बिजली की दर मे 25 पैसे प्रति मिनट महंगी कर दी गई है सार्वधिक बढ़ोतरी क्रृषि पम्प के दामों में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गईं है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप के नेतृत्व मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन दिया गया






## खबर संक्षेप

### समिति की बैठक 18 जुलाई को

**दुर्ग।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1995 एवं संशोधन नियम 2016 के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 18 जुलाई को 4 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। बैठक में पुलिस विभाग एवं विशेष लोक अभियोजक की पिछली त्रैमासिक बैठक का पालन प्रतिवेदन पर चर्चा, पुलिस विभाग द्वारा दर्ज प्रकरणों एवं विशेष लोक अभियोजक के न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। उक्त बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### अशांति फैलाने पर युवक पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अशांति फैलाने के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 15 जुलाई को चौकी चिखली में आम जनता की शिकायतों पर बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग कार्रवाई के दौरान अभियान के तहत अनावेदक गुलशन ताम्रकर 20 साल ग्राम बोरी को चौकी चिखली के मारपीट के अपराध में गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

### एक बाइक में 4 सवार पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** एक बाइक चार लोग सवार होकर घूम रहे थे, जिन पर कार्रवाई की गई। वहीं अशांति फैलाने वाले के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत 15 जुलाई की संध्या चिखली चौकी क्षेत्र में अड्डेबाजी करने वाले नशेड़ी व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए चौकी चिखली पेट्रोलिंग पार्टी, लालबाग पेट्रोलिंग पार्टी एवं लाइन से प्राप्त बल के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान असामाजिक तत्व मिले। जिसमें नाबालिकों को समझाईश देकर उनके घर वालों के सुपुर्द कर आवश्यक कार्रवाई किया गया।

# शहर की बदलेगी तस्वीर, इंदिरा मार्केट और गुरुद्वारा सड़क का होगा चौड़ीकरण

## 38 करोड़ के कामों को मंजूरी, 500 सीटर लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन परिसर का भी होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर की तस्वीर जल्द बदलने वाली है। शहर की प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण होने वाला है। इसके लिए करीब 38 करोड़ रुपए की स्वीकृति राज्य शासन से मिली है। इसमें दो प्रमुख सड़कों राजेंद्र पार्क से शहीद चौक और इंदिरा मार्केट से शहीद चौक होते हुए आईएमए सड़क को फोरलेन किया जाएगा। इस पर 19 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा शहर के कुछ अन्य विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। इसमें 500 सीटर लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन शामिल है। शहर विधायक गजेंद्र यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन कार्यं की स्वीकृति प्रदान की। इन कार्यों में सिकोला नाला का सुदृढ़ीकरण शामिल हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है।



### नगर उत्थान योजना और अधोसंरचना मद से जुटाई गई राशि

जानकारी के मुताबिक स्वीकृत कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नगर उत्थान और अधोसंरचना मद से राशि जुटाई गई है। स्वीकृत कार्यों में साईंस कॉलेज के पास जीई रोड से स्टेशन रोड निर्माण के लिए 5.50 करोड़, सिकोला नाला निर्माण के लिए 3 करोड़, स्टेशन रोड से शहीद चौक तक 800 मीटर फोरलेन निर्माण के लिए 9.75 करोड़, राजेन्द्र पार्क चौक से शहीद चौक होते हुए आईएमए चौक तक चौड़ीकरण एवं फोरलेन निर्माण के लिए 9.27 करोड़, सेंट्रल लाईब्रेरी सह रीडिंग जोन परिसर 500 सीटर के लिए 11.42 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।



### विकास कार्य अधोसंरचना की नींव

विधायक गजेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। यादव ने कहा कि यह स्वीकृति केवल एक विकास कार्य नहीं, बल्कि दुर्ग की आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत अधोसंरचना की नींव है। शिक्षा, यातायात और नगरीय व्यवस्था के क्षेत्र में यह पहल दुर्ग को प्रदेश के अग्रणी शहरों में स्थान दिलाएगी।

## गड़बड़झाला : दस्तावेज गायब होने से मान्यता को लेकर उठ रहे सवाल

# जिले के 560 स्कूलों को दी मान्यता शिक्षा विभाग से प्रपत्र ही हैं गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

### सूचना के अधिकार में मान्यता प्रपत्र नहीं होने का खुलासा

जिला शिक्षा विभाग के मान्यता सेक्शन में मान्यता प्रपत्र नहीं है। विभाग ने जिले के 560 निजी स्कूलों को मान्यता प्रदान की है। मान्यता नर्सरी से लेकर बारहवीं तक संचालित स्कूलों को दी गई है। उसके बाद भी प्रपत्र व सर्टिफिकेट नहीं होना कई संदेहों को जन्म दे रहा है। इसका खुलासा तब हुआ जब सूचना के अधिकार में इसकी जानकारी मांगी गई।




### जिले में बिना मान्यता के चल रहे हैं 47 नर्सरी स्कूल

जिले में 47 नर्सरी स्कूल ऐसे हैं जो बिना मान्यता के चल रहे हैं। इन स्कूलों को मान्यता नहीं मिलने से आरटीई के बच्चों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। राज्य सरकार के आदेश के बावजूद भी नर्सरी स्कूलों को मान्यता देने की प्रक्रिया विभाग ने प्रारंभ नहीं की है। जिसका नुकसान उन बच्चों को उठाना पड़ रहा है जो आरटीई के तहत प्रवेश लेते हैं। भिलाई- दुर्ग में तो यह हाल है कि बीएसपी क्वार्टर, शॉप और निजी मकान में तक नर्सरी की कक्षाएं चलाई जा रही है। जबकि वर्ष 2013 में ही तत्कालीन शिक्षा सचिव केआर पिस्दा ने नर्सरी स्कूल संचालन के लिए मान्यता लेने के लिए आदेश जारी किया था। आदेश का पालन नहीं होने के बाद यह मामला वर्ष 2016 में कोर्ट चला गया। जनयाचिका दायर की गई है। इस मामले की सुनवाई हाल ही में 11 जुलाई को हुई है। जिसमें हाईकोर्ट ने वर्तमान शिक्षा सचिव को एफीडेविट फाइल करने का आदेश दिया है।

### जानिए कि किसलिए हैं प्रपत्र महत्वपूर्ण

#### किसी भी स्कूल को मान्यता देने के लिए

जिला शिक्षा विभाग के मान्यता सेक्शन में एक प्रिंटेंड प्रपत्र जारी किया जाता है। इस प्रपत्र को संबंधित स्कूलों द्वारा भरवाया जाता है। प्रपत्र में स्कूल के नाम, बच्चों की दर्ज संख्या, शिक्षकों की संख्या, खेल मैदान, फर्नीचर, पेयजल सहित नार्म्स के हिसाब से अन्य जानकारी होती है। इस प्रपत्र का वेरीफिकेशन मान्यता देने के पहले जिला शिक्षा विभाग संबंधित नोडल अधिकारी से करवाता है। नोडल अधिकारी की मौके पर वेरीफिकेशन रिपोर्ट के आधार पर स्कूल को मान्यता प्रदान की जाती है। इसका रिकार्ड शिक्षा विभाग के मान्यता सेक्शन में होना अनिवार्य है ताकि जब कभी किसी के द्वारा आब्जेक्शन आए तो उस आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

#### मैदान व सुविधाएं नहीं ऐसे स्कूलों को मान्यता

जिन स्कूलों को मान्यता प्रदान की गई है उन स्कूलों में नार्म्स का पालन हुआ है या नहीं यह प्रपत्र से ही खुलासा हो सकता था। लेकिन सेक्शन में दस्तावेज के नहीं होने से संबंधित सेक्शन की निष्पक्षता पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस सेक्शन में ऐसे स्कूलों को भी मान्यता दी गई है जिन स्कूलों में बच्चों के खेलने के लिए कोई जगह या मैदान ही नहीं है। दुर्ग और भिलाई के गली-कूचों में ऐसे स्कूल खुले आम चल रहे हैं। जो भीतरी मुहल्लों के सड़क किनारे हैं और बच्चों की जान जोखिम में होती है। ऐसे भी स्कूल हैं जहां कमरे मापदंड के अनुरूप नहीं है।

#### प्रथम अपीलीय ने यह दिया जवाब

सूचना के अधिकार में निजी स्कूलों की मान्यता प्रपत्र की जानकारी मांगी गई। जानकारी में प्रथम अपीलीय अधिकारी व सहायक संचालक संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग केके शुक्ला ने बताया है कि जिला शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्रपत्र उपलब्ध नहीं होना बताया गया है। जिसकी वजह से प्रकरण बंद करने की सूचना भी सूचना के अधिकार में जानकारी प्राप्त करने वाले को दी गई है।

#### निगम नहीं कर रहा सुरक्षा ऑडिट

राज्य ने नगरनिगमों को शैक्षणिक संस्थानों का सुरक्षा ऑडिट के लिए आदेश जारी किया है। जिसमे नर्सरी से लेकर स्कूल और कॉलेज व कोचिंग संस्थाएं शामिल हैं। बावजूद इसके शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा ऑडिट नहीं की जा रही है।

#### आदेश का पालन

राज्य से मिले आदेश के हिसाब से ही मान्यता के काम चल रहे हैं। आगे भी उसी के हिसाब से कार्य होंगे। **-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

# स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के स्वास्थ्य विभाग में फैली अनिमियता और लापरवाही के खिलाफ बुधवार को कांग्रेस सीएमएचओ दफ्तर के बाहर प्रदर्शन

- सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

किया। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व सभापति राजेश यादव और प्रेमलता साहू के नेतृत्व में कांग्रेस नेता कार्यालय के बाहर जुटे। इस दौरान ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। इस विरोध में न केवल विभागीय गड़बड़ियों को उजागर किया गया, बल्कि पीड़ितों के न्याय और व्यवस्था में सुधार की ठोस मांग भी रखी गई। बाकलीवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 184 संविदा पदों की भर्ती प्रक्रिया प्रदेश के हजारों युवाओं की उम्मीद से जुड़ी हुई थी। लेकिन जिस तरह से इस परीक्षा को तय समय से मात्र 15 मिनट पहले रद्द कर दिया गया, वह केवल प्रशासनिक असफलता नहीं, बल्कि बेरोजगारों के साथ किया गया मज़ाक है। उन्होंने बताया कि इस भर्ती में अपात्र व्यक्ति को मेरिट में टॉपर बनाया गया था। जब मामले का खुलासा हुआ तो आनन-फानन में पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी गई। इससे पहले भी चतुर्थ श्रेणी की भर्ती में पासवर्ड हैकिंग और डाटा छेड़छाड़ की बात सामने आई थी, जिसे बिना किसी जांच के रद्द कर दिया गया और जिम्मेदार अधिकारियों पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### हमर लैब का लाभ जनता को नहीं मिल रहा

बाकलीवाल ने कहा कि जिला अस्पताल का हमर लैब, जिसमें 116 प्रकार की जांचें होनी चाहिए, अब केवल 30 से 35 जांचों तक सिमट गई है। इससे आम मरीजों को निजी लैब्स में महंगी जांच कराने को मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में पिछले छह महीने से मनोचिकित्सक की नियुक्ति नहीं हुई है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप पड़ी हैं। मातृ शिशु अस्पताल में टीकाकरण की व्यवस्था भी लचर है। अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं। इस दौरान पार्षद दीपक साहू, भास्कर कुंडले, ज्ञानदास बंजारे, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, पोषण साहू, दुष्यंत देवांगन, विजय चंद्राकर, संजू धनकर, गौरव उमरे, प्रदेश संयोजक चिराग शर्मा, आनंद कपूर ताम्रकार, गोलू गुप्ता, शिशिरकांत कसार सहित अन्य मौजूद थे।

# महा-लक्ष्मी मार्केट परिसर में रोपे गए पौधे महापौर अलका ने सहेजने दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



सावन माह पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत महा-लक्ष्मी

- गुलमोहर, नीम सहित विभिन्न प्रजाति के रोपे पौधे

मार्केट, पुलगांव चौक, वार्ड 55 में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग नगर निगम की महापौर अलका बाघमार ने गुलमोहर और नीम सहित विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा प्रकृति के बिना व्यक्ति का अस्तित्व संभव नहीं है।

हमें विकास के साथ प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना चाहिए। हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह पेड़ लगाकर प्रकृति की आराधना करें। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष लगाना केवल एक पौधा रोपना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण की नींव रखना है। यह अभियान न केवल पर्यावरणीय सुरक्षा का संदेश देता है, बल्कि प्रकृति से भावनात्मक जुड़ाव को भी प्रोत्साहित करता है। महापौर श्रीमती बाघमार ने पौधों की देखभाल का जिम्मा स्वयं उठाने और नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घर, गली व मोहल्ले में अधिकाधिक वृक्ष लगाएं और उन्हें जीवित व संरक्षित रखें। कार्यक्रम में नरेंद्र बंजारे, देव नारायण चन्द्राकर, काशीराम कोसरे, शेखर चन्द्राकर, निलेश अग्रवाल, हर्षिका जैन, पार्षद अश्वनी निषाद, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, राहुल पंडित, अनिल सिंह सहित महा लक्ष्मी मार्केट के व्यापारी उपस्थित रहे।।

# जस गायक पूरन साहू का कलाकारों ने किया सम्मान

**दुर्ग।** पूरन जस झाँकी परिवार छत्तीसगढ़ द्वारा ग्राम-अंजोरा गुरूपूर्णिमा मनाया गया। जिसमें गुरूदेव, गीतकार जस सम्राट पूरन साहू से भेंट मुलाकात कर सभी शिष्यों ने उनका आशीर्वाद लिया। गुरूदेव पूरन साहू को मोमेंटो देकर मंडलियों का सम्मान किया गया । इस अवसर पर कलाकारों द्वारा मातारानी का भजन एवं गुरू की महिमा का बखान किया गया । कार्यक्रम में 50 मंडलियां शामिल थीं। जिसमें रायपुर, राजनांदगांव, धमतरी, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़, दुर्ग आदि की मंडलियां शामिल हैं। अतिथि के रूप में लोक संस्कृति जस झाँकी संघ जिला दुर्ग गीतकार यशपाल सरवरिहा, भवानी नायक, सचिव दुर्वासा मेश्राम, कोषाध्यक्ष अविनाश सपहा, जस गायक राजेश सिन्हा, जस गायक खिलेश यादव, लोक गायक ईश्वर पटेल एवं साथ ही साथ पूरन जस झाँकी परिवार छत्तीसगढ़ अध्यक्ष हेमंत सिंह चौहान, उपाध्यक्ष दुर्गेश यादव, सचिव रिंकू बादशाह, कोषाध्यक्ष दीपक पंचाग, व्यवस्थापक कैलाश पटेल, संगठन प्रभारी डोमन साहू, मिडिया प्रभारी टिकेंद्र कलिहारी आदि उपस्थित थे ।



# कलेक्टर ने पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता और वितरण की स्थिति का लिया जायजा

### कलेक्टर ने किया शा. प्रा. शाला पुलगांव का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्राप्त पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता और वितरण की स्थिति का जायजा लेने

- पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने पुलगांव स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने उपस्थित समग्र शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र पाण्डेय एवं प्राचार्य से पाठ्यपुस्तक वितरण संबंधी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों की



पढ़ाई किसी भी स्थिति में बाधित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने शिक्षकों से पाठ्यक्रम की प्रगति, कक्षा संचालन की प्रक्रिया और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में सभी विद्यार्थियों तक पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति समय पर और सुनिश्चित रूप से की जाए।

### रेड क्रास सोसाइटी की साधारण सभा 18 को

**दुर्ग।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी नई दिल्ली के राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा 18 जुलाई सुबह 11 से 12 बजे राष्ट्रपति भवन, कल्चरल सेंटर नई दिल्ली में वार्षिक साधारण सभा की बैठक आहूत की गई है । उक्त वार्षिक साधारण सभा की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिनिधिमंडल में दुर्ग जिले से प्रदेश के रेडक्रास सोसायटी के राज्य प्रबंध समिति के सदस्य युवराज देशमुख रेडक्रॉस की राष्ट्रीय वार्षिक साधारण सभा बैठक में सम्मिलित हो रहे है । युवराज देशमुख रेडक्रास में लगभग 20 वर्षों से अधिक समय से सक्रिय रहते हुये समाज सेवा, स्वास्थ्य शिविर सेवा, रक्तदान, वृक्षारोपण, सहित कई सामाजिक कार्य किये है। राज्य गठन के दुर्ग जिले से पहली बार रेडक्रॉस सोसायटी का सदस्य इंडियन रेडक्रास सोसायटी नई दिल्ली के राष्ट्रीय वार्षिक साधारण सभा में भाग ले रहे है ।

## अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य बीमाकृत किया जाएगा

# उद्यानिकी फसलों में मौसम आधारित फसल बीमा 31 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ मौसम में फसल बीमा कराने हेतु 31 जुलाई तक समय

- फसल नुकसान बचाने किया गया है लागू

सीमा तय की गई है। उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे किसानों को विपरीत मौसम जैसे कम तापमान, अधिक तापमान, बीमारी अनुकूल मौसम, कीट व्याधियों का प्रकोप, लगातार अवर्षा की स्थिति निर्मित होना ओला वृष्टि आदि से होने वाले नुकसान से बचाने पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा लागू की गई है।

ज्ञात हो कि योजना के अंतर्गत ऋणी कृषकों के लिये विकल्प चयन (ऑप्ट आउट) के आधार पर क्रियान्वित होगी। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन (ऑप्ट आउट) प्रपत्र अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित समय-सीमा में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिये स्वीकृत, नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा। इस मामले में बैंक द्वारा किसी भी प्रकार की चूक, त्रुटि होने पर संबंधित बैंक किसानों के स्वीकार्य दावों के भुगतान करने के लिये उत्तरदायी होगी।



### ये है प्रक्रिया

उप संचालक उद्यान जिला दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ वर्ष 2025 में जिले अन्तर्गत बीमा कराने वाले कृषकों को अधिसूचित फसल के अनुसार निर्धारित कुल बीमित राशि का अधिकतम 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक प्रीमियम जो भी कम हो राशि कृषक अंश के रूप में ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के कृषकों को जमा करने होंगें। अऋणी कृषक फसल लगाने का स्वघोषित प्रमाण पत्र, नक्शा खसरा, आधार कार्ड अपने बैंक पासबुक की छाया प्रति जिसमें आईएफएससी कोड इत्यादि का उल्लेख हो, जमा कर बीमा करा सकते है।

# आईएमए ने डॉ. उदय को चिकित्सक पुरस्कार से किया सम्मानित

**भिलाई।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) मुख्यालय द्वारा राष्ट्रीय



चिकित्सक दिवस पर नई दिल्ली स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स, इंडिया (आईटीपीआई) में आयोजित सम्मान समारोह बीएसपी के चिकित्सक डां. उदय कुमार को प्रखर व्यक्तित्व चिकित्सक पुरस्कार से सम्मानित किया गय। मुख्य अतिथि केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिक राज्य मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह थे। कार्यक्रम में माननीय कैबिनेट मंत्री परवेश वर्मा विशिष्ट अतिथि तथा दिल्ली विधानसभा के सदस्य डॉ. अनिल गोयल ने चिकित्सा क्षेत्र में डाक्टरों के असाधारण योगदान, निस्वार्थ सेवा और मानवता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। डॉ. उदय को यह सम्मान उनकी चिकित्सकीय सेवा, सामाजिक प्रतिबद्धता, और उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए प्रदान किया गया। इस पुरस्कार से सम्मानित होने पर डॉ. उदय कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल मेरे लिए, बल्कि पूरे जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, भिलाई की पूरी टीम के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर आईएमए के पूर्व राष्ट्र्य अध्यक्ष डॉ. दिलीप भानुशाली, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिलकुमार जे. नायक व सचिव डॉ. सरबारी दत्ता डॉ. पीयूष जैन भी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### स्कूल मध्यान भोजन रसोईया संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक 20 को

**बालोद।** छ.ग. स्कूल मध्यान भोजन रसोईया संयुक्त संघ जिला बालोद द्वारा मध्यान भोजन रसोईयो का ब्लाकस्तरीय बैठक का आयोजन 20 जुलाई को अपने अपने ब्लाक स्तर पर आयोजित किया गया है। जिसके तहत छ.ग. मध्यान भोजन रसोईया संघ जिला बालोद के समस्त ब्लाक बालोद, गुण्डरदेही, गुरूर, डौण्डी, डौण्डीलोहारा मे 20 जुलाई को दोपहर 12 बजे अपने अपने ब्लाको को स्थानीय जगहो मे बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### आत्मज्ञान की सीख, ब्रम्हकुमारी केंद्र में होगा विशेष आयोजन

**बालोद।** ब्रम्हकुमारी आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद मे 23 से 27 जुलाई तक खुशियो की चांबी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमे प्रातः 7:30 बजे से 8:30 बजे तक व 7:30 बजे से 8:30 बजे तक आत्मभवन आमापारा मे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे 22 जुलाई को प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक लाईफ कोच, वर्ल्ड रिकोगनेड, इंटरनेशनल माईड ट्रेनर, वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर डॉ. बीके शक्तिराज का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### आईटीआई संजारी में प्रवेश प्रक्रिया 30 तक

**डौंडीलोहारा।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण ,इंद्रावती भवन नया रायपुर अटल नगर द्वारा संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था संजारी के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में व्यवसाय कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक एवं इलेक्ट्रिशियन (NCVT) में प्रवेश के लिए 16 से 23 जुलाई 2025 तक पुनः आवेदन के लिए रजिस्ट्रेशन पोर्टल खुला हुआ है। इसके लिए विभागीय पोर्टल पर क्लिक कर अपना रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते है । उक्त जानकारी संस्था की प्राचार्य वीणा देवांगन ने दी।

### मत्स्याखेट पर प्रतिबंधित, तोड़ने पर सजा व जुर्माना

**बालोद।** जिले में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वर्षा ऋतु में 15 अगस्त तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों के वंश वृद्धि हेतु राज्य में नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 03, उपधारा 02 के तहत क्लोज सीजन घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रेत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 3(5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर 01 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

## निधन

### रुपोतिन बाई देवदास

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह निवासी रुपोतिन बाई देवदास (90) का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में किया गया। वे कोटवार दीना राम देवदास की मां, स्व.बसंत कुमार देवदास, अशोक कुमार देवदास के मां एवं महेश कुमार देवदास के दादी व धर्मेश कुमार देवदास, ओम कुमार देवदास के परदादी थी।

### अशोक सूर्यवंशी

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर निवासी



अशोक सुर्यवंशी (66) का निधन 16 जुलाई को हो गया। वे अपने पीछे भरा पुरा परिवार को छोड़कर चले गये, वे पूर्व सरपंच श्रीमती मीना सुर्यवंशी के पति व जासल सुर्यवंशी के पिता जी थे। उसके अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्ती धाम में किया गया।

### सुखलाल यादव

**डौंडी।** नगर पंचायत डौंडी गौरा चौक निवासी सुखलाल यादव (बल्लू) का निधन रात्रि एक बजे हो गया है वे पी.एच. ई. विभाग डौंडी में कार्यरत थे, रेल्वे कर्मचारी नवीन यादव के पिता एवं अग्नि यादव के पति थे।

### कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने ली अधिकारियों की बैठक, तैयारी की जानकारी ली

# वृहद पौधारोपण कार्यक्रम 20 को सफल बनाने युद्ध स्तर पर तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में रविवार 20 जुलाई को आयोजित की जाने वाली वृहद पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सुबह संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन से जुड़े तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को 20 जुलाई को पूरे जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधों का रोपण कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने 20 जुलाई को विकासखण्डवार पौधरोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं पौधों की उपलब्धता के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा



उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण हेतु खोदे गए गड्ढों की कुल संख्या में जानकारी लेते हुए गड्ढों की नंबरिंग भी करने के निर्देश दिए। जिससे कि विभिन्न विभागों तथा निजी एवं शासकीय संस्थाओं को पौधरोपण हेतु स्थान एवं पौधे आबंटित करने में सहुलियत हो सके। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने 20 जुलाई को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे आयोजित वृहद वृक्षारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की।

इसके अंतर्गत उन्होंने विभिन्न विभागों को सौंपे गए कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में मंच निर्माण एवं मंच से जुड़े अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को दी गई है। इसके अलावा उन्होंने ई-डिरिस्ट्रक्ट मैनेजर को मंच एवं कार्यक्रम स्थल में एलईडी एवं नेट कनेक्टिविटी के अलावा वृक्षारोपण के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश वाचन का भी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम हेतु ई-कार्ड का निर्माण, पौधों की समुचित व्यवस्था एवं बैक ड्राफ्ट निर्माण करने की जिम्मेदारी सौंपी। जिला शिक्षा अधिकारी को मंच संचालन, अतिथियों की स्वागत व्यवस्था, हरी झण्डी आदि की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि रविवार 20 जुलाई को बालोद जिले में वृहद वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समाज के प्रत्येक लोगों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी समाज हित के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूरी निष्ठा, लगन एवं मुस्तैदी से कार्य करते हुए इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करें।

## शासकीय कर्मचारी की हादसे में मौत, 5 की क्षतिपूर्ति का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोश द्वारा निर्णय पारित करते हुए कर्मचारी का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति का आदेश पारित किया गया। जिसमे परिवादीगण जमुना बाई बघेल एवं अभिषेक कुमार बघेल कोलिहामार गुरूर द्वारा स्टेट बैंक एवं टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंश कंपनी के विरूद्ध परिवाद पेश किया कि उसके पति/पिता मदन लाल बघेल छत्तीसगढ़ सरकार में उच्च शिक्षा विभाग में शासकीय कालेज अरमरीकला में सहायक ग्रेड-2 में स्थायी पद पदस्थ थे, जिनके नाम पर स्टेट बैंक स्टेट गवर्मेन्ट सैलरी पैकेज वेतन खाता था. मदनलाल बघेल की सड़क दुर्घटना में 19.08.2022 को मृत्यु हो गई, सैलरी केटेगरी के अनुसार राज्य सरकार के स्थायी कर्मचारी या अधिकारी की मृत्यु दुर्घटना होने पर दुर्घटना बीमा राशि 1,00000 से 20,00000 तक की बीमा राशि मृतक की नामिनी या विधिक उत्तराधिकारी को प्रदान किए जाने का प्रावधान है। गोल्ड केटेगरी के तहत दुर्घटना बीगो राशि 5,00000 बीमा राशि भुगतान मय ब्याज दिलाए जाने सहित अन्य अनुतोष हेतु परिवाद प्रस्तुत किया, मदनलाल बघेल का सैलरी स्लीप में बेसिक सैलरी 37.300 का उल्लेख है। मदनलाल बघेल का खाता स्टेटमेंट के अनुसार मृत्यु 19.08.2022 से पूर्व 1.08.2022 को स्टेट गवर्मेन्ट सैलरी पैकेज खाते में प्राप्त हुआ है। बैंक के इ-सर्कुलर 12.11.2010 में गोल्ड केटेगरी में 25,001 से राशि 50,000 तक का उल्लेख है, नेट सैलरी 36,686 व 35,551 उल्लेख है।

■ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोश ने निर्णय किया पारित

जिसके अनसार उन्हें गोल्ड केटेगरी के अनुसार 5,00000 सीपीएआई डेथ कवर की पात्रता थी, भुगतान नहीं किया जाना सेवा में कमी को दर्शाता है, जिससे मानसिक पीड़ा स्वाभाविक है, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद द्वारा आदेश पारित किया गया 45 दिवस में बीष्णु क्षतिपूर्ति राशि 5,00000 मानसिक क्षतिपूर्ति 10.000 वाद व्यय 5,000 एवं 22.08.2023 से अंतिम अदायगी तक 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज दी जाने का आदेश पारित किया गया।

## चेक बाउंस मामले में दोषी को छह माह की सजा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी ने आपराधिक प्रकरण क्रमांक 575/21 अशोक कुमार विरुद्ध ललित कुमार में विकासखण्ड के ग्राम जुन्नापानी निवासी ललित कुमार को धारा-138 परकाम्य लिखत अधिनियम के अन्तर्गत 06 माह सश्रम कारावास तथा आदेश दिनांक के 2 माह के भीतर 7,55,000/- रुपये अदा करने का आदेश दिया है। परिवादी अशोक शर्मा की ओर से अधिवक्ता टी.एल. सोनवानी ने पैरवी किया।

आपराधिक प्रकरण क्रमांक 575/21 अशोक कुमार विरुद्ध ललित कुमार अनुसार परिवादी अशोक शर्मा पिता मेघनाथ शर्मा निवासी, निवासी चौखड़िया पारा राजनांदगांव तथा अभियुक्त ललित कुमार का आपस में जान-पहचान था और दोनों के बीच संबंध अच्छे थे। अभियुक्त ने इसी अच्छे संबंध होने से घरेलू कुछ आवश्यकता बताकर परिवादी से 7,55,000/- रूपए की मांग किया था, तब नवंबर 2018 में बतौर उधार परिवादी ने उसे 7,55,000/- रूपए नगद प्रदान किया था। आरोपी ने परिवादी को

■ सात लाख पचपन हजार प्रतिकर के रुप में देने का आदेश

जल्द ही यह उधार राशि वापस करने का आश्वासन दिया था। आरोपी द्वारा परिवादी को उक्त उधारी राशि वापस नहीं किया गया, तब परिवादी द्वारा मांग किए जाने पर आरोपी ने उसे भारतीय स्टेट बैंक, शाखा-डौंडीलोहारा का एक. चेक क्रमांक 372510 राशि 7,55,000/-रूपए, 28.12.2020 भुगतान प्राप्त करने हेतु प्रदान किया था, जिसे परिवादी ने संग्रहण / भुगतान प्राप्त करने पंजाब नेशनल बैंक में जमा कराया था। चेक पेश करने पर संबंधित बैंक द्वारा उसके खाते में पर्याप्त निधि भुगतान हेतु उपलब्ध नहीं होने से अनादरित कर वापस कर दिया गया।आपराधिक प्रकरण क्रमांक 575/21 अशोक कुमार विरुद्ध ललित कुमार में

सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी ने इन सब तथ्यों पर विचार करने के बाद आरोपी को धारा-138 परकाम्य लिखत अधिनियम के तहत 6 माह के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया जाता है। इसके अलावा आरोपी को आज से 02 माह के भीतर परिवादी को चेकशुदा राशि 7,55,000/- रूपए (अक्षरी सात लाख पचपन हजार रूपए) प्रतिकर के रूप में नगद या फोन पे के माध्यम से भुगतान करने का आदेश दिया जाता है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर परिवादी को अभियुक्त के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही पृथक से करने की अनुमति दी है।

### युवक से मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया

**बालोद।** रात को किराना सामान की जरूरत पड़ने पर ग्राम के चौक मे स्थित किराना दुकान मे सामान खरीदने पहुंचे एक व्यक्ति के साथ ग्राम के दो लोगो ने मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने उक्त दो लोगो के खिलाफ गुण्डरदेही थाने मे धारा 115 (2), 296, 3(5), 351 (3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त मामला गुण्डरदेही थाने के डौकीडीह का है। जहां पीड़ित दुर्योधन ने पुलिस को जानकारी दी है कि रात को ग्राम के चौक में स्थित किराना स्टोर्स मे सामान खरीदने गया था। वहां ग्राम के डेबु निषाद एवं योगराज निषाद दोनों नशे की हालत में गाली गलौज कर रहे थे। जहां मेरे पहुंचने पर मुझे देखकर गाली गलौज किये तथा कुछ देर बार जान से मारने की धमकी देकर योगराज ने हाथ मुक्का से मुझसे मारपीट की। जहां डेबु निषाद ने हाथ में पहने लोहे की कडा से मेरे सिर को मारा। जिससे मुझे चोट लगी है। मौके पर मौजूद टिकेश साहू ने बीच बचाव किया।

## मजदूरी भुगतान पर सचिव से मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

ग्राम पंचायत सिरसिदा मे पंचायत सचिव से मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार 16 जुलाई को दोपहर एक बजे की बताई गई है। बताया गया कि गांव के ही लक्ष्मण चन्द्राकर, गिरजा शंकर श्रीवास उर्फ पप्पू, टाकेश्वर पटेल व गणपत ठाकुर ने पंचायत सचिव मोती लाल साहू को शराब के नशे मे अभद्र गाली-गलौज कर लात मुक्के से मारपीट किया।

उसके बाद सचिव मोतीलाल साहू ने तत्काल जनपद के बाबू व गुण्डरदेही पुलिस को घटना की सुचना दी। इधर पंचायत सचिव की सुचना पर गुण्डरदेही पुलिस ने घटनास्थल सिरसिदा पंचायत पहुंचकर चारो आरोपी लक्ष्मण चन्द्राकर, गिरजा शंकर श्रीवास उर्फ पप्पू, टाकेश्वर पटेल व गणपत ठाकुर को पकड़कर थाना लाया गया। जहां



पुलिस ने चारो आरोपी को कोर्ट मे पेश कर जेल भेज दिया। इधर आरोपी लक्ष्मण चन्द्राकर का कहना है हमने तालाब व नाली मे सफाई का कार्य किया था, जिसका भुगतान आज तक नही हुआ है, इधर सचिव का कहना है कि हमने भुगतान आनलाईन कर दिया है, बाकी मजदुरो का पैसा उनके खाता मे आ चुका है और भुगतान भी हो गया है। मजदुरी भुगतान को लेकर बुधवार को लक्ष्मण चन्द्राकर, गिरजा शंकर श्रीवास, टाकेश्वर पटेल व गणपत ठाकुर एक बजे चारो शराब के नशे मे पंचायत आकर अभद्र गाली-गलौज किया। कालर पकड़कर हाथ-पैर से मारपीट की। घटना के समय पंचायत के रोजगार सहायक रंगीता देवांगन, आपरेटर अंबालिका पटेल, पंचायत के कर्मचारी हरीश विश्वकर्मा व कुछ ग्रामीण भी घटना के समय उपस्थित थे। इधर गुण्डरदेही टीआई ने बताया कि आरोपी लक्ष्मण चन्द्राकर व गिरजा शंकर श्रीवास उर्फ पप्पू को कोर्ट मे पेश कर धारा 151, 36 च (ख) के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। वही दो अन्य आरोपी टाकेश्वर पटेल व गणपत ठाकुर के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

### डुडिया के पास मुरूम लदा ट्रक पलटा

**बालोद।** ग्राम डुडिया के पास मुरूम से भरा 10 चक्का वाहन पलट गया। जिसे जेसीबी व चैनमाउंटेन के माध्यम से निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम डुडिया के नाला के पास मुरूम से भरा 10 चक्का वाहन पलट गया। जहां मुरूम से भरा 10 चक्का वाहन के पलटने का कारण सकरा रास्ता माना जा रहा है, जो अन्य वाहन को रास्ता देने के लिए वाहन को मार्ग के किनारे किया लेकिन बारिश मे मिट्टी गिली होने के कारण 10 चक्का वाहन मे मुरूम व भारी वजन होने के कारण वह पास के लगे खेत मे पलट गया जहां धान का फसल लगा हुआ था। ऐसे मे पल्टे वाहन से फसल को नुकसान हुआ ही साथ ही उक्त पल्टे वाहन को निकालने के लिए जेसीबी व चैन माउंटेन की सहायता ली गई। जिसके माध्यम से पल्टे वाहन को निकाला गया।

### डोंगितराई विद्यालय में न्योता भोज कराया गया

**गुण्डरदेही।** सकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला डोंगितराई में ग्रामीण तालेश्वरी साहू ने कक्षा पांचवीं में पढ़ने वाले अपने सुपुत्र हिमांशु साहू के जन्म दिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने शाला में पढ़ने वाले सभी 93 बच्चों को खीर पूड़ी परोसा गया।



### युवक ने की महिला से मारपीट, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** अपने घर के सामने गली मे खड़ी महिला को नशे में धूत पड़ोसी ने मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित महिला द्वारा मारपीट करने वाले उक्त व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जहां महिला ने देवरी थाने में मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351 (3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार यह मामला ग्राम जेवरतला का है। जहां सुशीला साहू ने पुलिस को जानकारी दी है कि दोपहर को घर के सामने गली में खड़ी थी। इस दौरान पड़ोसी भूपत साहू नशे में गाली गलौज कर रहा था जिसे मैने गली मोहल्ले मे खुलेआम गाली गलौज करने से मना किया जिस पर उक्त व्यक्ति द्वारा मुझे ही गाली गलौज करने लगा और मेरे साथ किए जा रहे गाली गलौज का विरोध करने पर मेरे साथ ही मार मारपीट कर दी। जिसके बाद उक्त व्यक्ति के खिलाफ थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

## कृषक संगोष्ठी में ड्रोन से खाद एवं छिड़काव की दी गई सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ड्रोन के माध्यम से नैनो डी.ए.पी., नैनो यूरिया का स्प्रे की सलाह किसानो को दी गई जिसमे आस पास के ग्रामों से 130 किसान उपस्थित हुए।

जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के साहू सदन में इंडियन पोटाश लिमिटेड एवं कृषि विभाग बालोद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को संतुलित उर्वरक के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। इसके साथ ही सभी किसानों को उर्वरक निर्माता कंपनी इंडियन पोटाश लिमिटेड (आई.पी.एल.) के कार्यकलापो एवं 1955 से किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कृषि वैज्ञानिक सचिन वर्मा के द्वारा किसानों को विभिन्न प्रकार से होने वाली कीट-व्याधि, बीमारी एवं खेती में उपयोग होने वाले सिंचाई नोजल, स्प्रेयर नोजल कीट-व्याधि के रोकथाम हेतु दवाई एवं जैविक खाद के




बारे में जानकारी प्रदान किया गया।

इस दौरान उपसंचालक कृषि आशीष कुमार चन्द्राकर ने बताया कि नवीनतम तकनीक का प्रयोग करते हुए ड्रोन के माध्यम से नैनो डी.ए.पी., नैनो यूरिया का स्प्रे कर सकते है। फसल की 30-35 दिन की अवस्था होने पर 04 मि.ली. नैनो डी.ए.पी. प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव किया जाता है, 01 एकड़ क्षेत्र हेतु 125 लीटर पानी आवश्यक है। बेहतर परिणाम हेतु पौधों पर पत्तियां अच्छी संख्या में आने पर ही पहला छिड़काव करें एवं फास्फोरस की अधिक आवश्यकता वाली फसलों में फूल निकलने के पहले या अधिकतम कल्ले शाखा बनने की अवस्था पर छिड़काव करें। कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि सूर्यनारायण ताम्रकार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पीतेश्वरी सूर्यवंशी, के.वी.के. कृषि वैज्ञानिक डॉ. सचिन वर्मा एवं इंडियन पोटाश के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ...

को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट लैब व एक्सरे टेक्नीशियन एएनएम सहित कार्यालयीन एवं अस्पतालों के सफाई और हाउस कीपिंग स्टाफ सम्मिलित हैं। वही ज्ञापन सौपने के बाद संघ द्वारा कहा गया कि यदि इन सबके पश्चात भी शासन प्रशासन मूकदर्शक बना रहा और मागों पर किसी प्रकार की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो अब जिले के एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी किसी बडे अनिश्चितकालीन आदोलन पर जाने पर विवश हो जाएंगे, जिसके लिए राज्य सरकार ही जिम्मेदार होगी। संघ द्वारा कहा गया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में इन दिनों भारतीय जनता पाटएँ की सरकार को लेकर कर्मचारियों में बहुत आक्रोश है। विधान सभा चुनाव में बनाए गए मोदी की गारंटी नाम के घोषणा पत्र में संविदा अनियमित संवर्ग के कर्मचारियों के समस्याओं का निराकरण करने की बात कही गई, किंतु सरकार गठन के बाद आज तक कुछ नहीं किया गया। उत्तीसगढ़ में मेडिकल कॉलेज अस्पतालों से लेकर ग्राम स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कमएँ कार्यरत हैं। जो अपनी मांगों को लेकर 16 और 17 जुलाई को आआंदोलन पर थे।

### आंदोलन से स्वास्थ्य ...

जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा को लेकर आम जन को असुविधा का सामना करना पड़ा। संघ ने कहा ध्यान रहे प्रदेश में कुल कार्यरत चिकित्सा स्टाफ का लगभग 35 प्रतिशत स्टाफ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कमएँ ही हैं। समझा जा सकता है कि इतने बड़े अमले की वैकल्पिक व्यवस्था करना शासन प्रशासन के लिए बहुत टेढ़ी खीर होगी तथा आम जनता को निःसंदेह दो दिन परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। संघ के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 20 वर्षों से जारी है। इसके माध्यम से शहरों से लेकर सुदूर ग्रामों तक में स्वास्थ्य सुविधाएं सविदा स्वास्थ्य कर्मचारी प्रदान कर रहे हैं। सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन के साथ-साथ केंद्र और राज्य की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ भी आम जनता को उनके द्वारा दिया जाता है, परतु दुखद स्थिति यह है कि, आज पर्यंत इन कर्मचारियों के बेहतर सामाजिक, आर्थिक सुरक्षा का प्रयास शासन- प्रशासन द्वारा नहीं किया गया।

### मोदी की गारंटी के ...

निराकरण किया जाए। वही संघ ने कहा है कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। संघ की मांग है कि प्रशासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं महगाई राहत दिया जाए। लंबित डीए एरियर की राशि कर्मचारियों के खाते में समायोजित की जाए। चार स्तरीय वेतनमान लागू किया जाए। केंद्र के समान 33 की जगह 25 वर्ष सेवा पर पूर्ण पेंशन की सुविधा मिले। निःशर्त अनुकंपा नियुक्ति की व्यवस्था हो। संविदा, दैनिक वेतनभोगी, अतिथि शिक्षक जैसे अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर की जाए। पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। पंचायत सचिवों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। अर्जित अवकाश सीमा 240 दिन से बढ़ाकर 300 दिन की जाए। प्रदेशभर में कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। इस धरना प्रदर्शन में बालोद जिले के स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारी भी शामिल रहे, जिन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थितिः इस दौरान जिला संयोजक लोकेश कुमार, महासचिव घनश्याम पुरी, पेंशनर फोरम संयोजक मधुकांत यदु, राज्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष वीरेंद्र देशलहरे, छत्तीसगढ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन अध्यक्ष राधेश्याम साहू, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सघ जिलाध्यक्ष परशुराम धनेन्द्र, छ.ग. प्रदेश शिक्षक संघ के तामेश्वर कौशल, पेंशनर्स संघ अध्यक्ष आरएम. चावड़ा, चेतन यादव, गजेंद्र पुरी गोस्वामी, राजेंद्र कुमार साहू, लोमन राणा, कृष्णा पुरी गोस्वामी, गिरीश देवांगन, मनसुखदास साहू, भूधर दास जोशी, मनीष साहू, आस्था चंद्राकर, यूरेका साहू, राधा साहू समेत कई संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आत्मानंद विद्यालयों में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**बालोद।** उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति जिला बालोद द्वारा जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद, डौण्डी, डौण्डीलोहारा, अर्जुंदा, गुरूर, नयाबाजार दल्लीराजहरा, देवरीबंगला, गुण्डरदेही, निपानी, कन्नेवाड़ा, अरमरीकला, मोंहदीपाट, सिकोसा, सुरेगांव, रानाखुज्जी, मंगचुवा, कुसुमकसा, आमडुला एवं घोटिया में प्राचार्य के रिक्त कुल 15 पद, व्याख्याता के 46 पद शिक्षक के 53 पद, प्रधान प्राठक प्राथमिक शाला के 01 पद, प्रधान प्राठक माध्यमिक शाला के 01 पद, सहायक शिक्षक के 53 पद, प्रयोगशाला सहायक के 06 पद, व्यायाम शिक्षक के 03 पद, ग्रंथपाल के 01 पद, सहायक ग्रेड-02 के 3 पद, सहायक ग्रेड-03 के 2 पद, भृत्य के 07 पद एवं चौकीदार के 01 पद पर प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा आधार पर कुल 192 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु योग्यताधारी आवेदकों से 18 जुलाई से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव पीसी मरकले ने बताया कि इस पद के लिए पात्र एवं योग्यताधारी आवेदक बालोद जिले के वेबसाइट में दर्शित ऑनलाईन गूगल फार्म के माध्यम से 28 जुलाई को रात्रि 11.59 बजे तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी बालोद जिले की वेबसाईट में तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बालोद के सूचना पटल पर अवलोकन की जा सकती है।

**बिजनेस साइड**

### सहेली ज्वेलर्स गांधी चौक दुर्ग में द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल का लें आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सहेली ज्वेलर्स के गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित शो रुम में 11 जुलाई से शुरू हुए 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में गोल्ड चेन की अद्भुत कलेक्शन ग्राहकों के लिए पेश किया गया है। 27 जुलाई तक चलने वाले इस 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में सभी आभूषणों के मेकिंग चार्जेज 5.5% शुरू हैं इसके साथ ही गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी पर 100% एक्सचेंज के साथ डायमंड ज्वेलरी मेकिंग चार्जेस पर 100% तक की छूट दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सहेली ज्वेलर्स के तीनों शो रूम में ट्रेडिशनल और मॉडर्न डिजाइन के हैवी और लाइट वेट ज्वेलरी सोने, हीरे, चांदी सहित कुंदन, पोलकी, डायमंड, जड़ाउ, टेम्पल ज्वेलरी के मनमोहक और लेटेस्ट डिजाइन के आभूषणों के साथ शो रूम में चेन



और मंगलसूत्र के आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइन के साथ ही बैंगल्स, ब्रेसलेट, रिंग्स, नेकलेस आदि का संग्रह उपलब्ध है। इसके साथ ही 100 प्रतिशत आईजीआई प्रमाणित डायमंड, गोल्ड की शुद्धता को मापने के लिए कैरोटोमीटर की सुविधा ग्राहकों को दी जाती है। 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में सभी प्रकार के पारंपरित और डिजाइनर चेन की खरीदारी के लिए सहेली ज्वेलर्स के गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित शो रुम में विजिट किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### गुमशुदा बेटी की तलाश में भटक रहा पिता, जनदर्शन में लगाई न्याय की गुहार

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भोईनापार निवासी अयोध्या



प्रसाद बंजारे ने मंगलवार कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौप कर बताया की मेरी पुत्री हेमा बंजारे जिसकी उम्र 23 वर्ष है वे 12 तक पढ़ाई किया है जो 16 जुलाई 2024 से गुम हो गया है। जिसकी शिकायत स्थानीय थाना बालोद मे किया गया था। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने शिकायत दर्ज किया था। परन्तु पाउती नहीं दिया और ना ही कोई ठोस कार्रवाई की जिसके कारण यह आवेदन मै जनदर्शन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को अवगत करा रहा हुं ताकि मेरी पुत्री को जल्द से जल्द तलाश कर मुझे सौप सके।

### मानस ने सीएमए फाउंडेशन परीक्षा में प्रथम प्रयास में सफलता हासिल किया

**जामगांव आर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर के छात्र मानस चंद्राकर पिता गणेश



चंद्राकर ने सत्र 2024–25 सीएमए फाऊंडेशन की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल किए हैं। मानस चंद्राकर की सीएमए फाउंडेशन की परीक्षा विद्यालय के वाणिज्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में बिना किसी अतिरिक्त कोचिंग अथवा कक्षा के अपने खुद की ही स्वाध्याय और तैयारी से सफलता अर्जित किए हैं। विद्यालय परिवार एवं गांव में हर्ष व्याप्त है। उक्त जानकारी विद्यालय प्रतिनिधि हरीश देशप्यारे ने दिया।

### टटेंगा स्कूल में ऑनलाइन प्री टेस्ट का आयोजन हुआ



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में आईसीटी लैब के माध्यम से कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को परखने के लिए प्री टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व कक्षाओं में पढ़े हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा कंप्यूटर से वस्तुनिष्ठ आधार पर प्रश्न दिए गए थे। जिसे विद्यार्थियों ने आईसीटी लैब के माध्यम से ऑनलाइन हल किया। इस अवसर पर मार्गदर्शक के रूप में प्राचार्य आरके देवांगन, डिजी मित्र योगेश्वर निषाद तथा सहयोगी व्याख्याता द्वय हेपशीबा एंथोनी और अजय पाठक उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 20 को होगा गुरु पूजन

**गुरूर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा 20 जुलाई को ग्राम कनेरी में गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं पूजन कार्यक्रम शाम 4 बजे साहू सदन



कनेरी में रखा गया है। जिसमें ग्राम कनेरी, भेजामैदानी, नवागांव सहित आस पास के गांव के स्वयं द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं पूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक सदस्य हीरालाल यादव, राजेश कुमार पटेल ने जानकारी दी कि संघ मे परम पवित्र भगवाध्वज को गुरु माना है, अतः इसी का पूजन एवं समर्पण कार्यक्रम होगा। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक गुरुर शैलेश साहू होंगे साथ ही संघ का यह शताब्दी वर्ष होने के साथ ही हिंदू सम्मेलन भी होगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## विरोध

### विधायक कुंवरसिंह निषाद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम पर सौंपा ज्ञापन

# बिजली दरों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने विधायक के साथ एई दफ्तर को घेरा

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| गुण्डरदेही

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के द्वारा क्षेत्रीय विधायक कुंवरसिंह निषाद के मार्गदर्शन में छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता कार्यालय गुण्डरदेही का घेराव कर बिजली की दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि को वापस लेने एवं सहायक अभियंता के मनमानी रवैये पर उचित कार्यवाही करने की मांग संबंधी ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार कोमल धुव को ज्ञापन सौंपा है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार ने घरेलू बिजली की दर में 20 पैसे, गैर घरेलू बिजली की दर में 25 पैसे और सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, जबकि पूर्ववतएँ कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में पूरे 5 साल में का नेट वृद्धि देखें तो मात्र 2 पैसे का था जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। कांग्रेस सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल हॉफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निःशुल्क बिजली दिया बीपीएल उपभोक्ताओं को को 40 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी गई।

■ कांग्रेस ने 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ की दी थी सब्सिडी



बिजली दर में बढ़ोतरी, उपभोक्ताओं से अन्याय

इतिहास गवाह है कि भाजपा सरकारों में जनता को लुटने का तरह–तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। 2003 से 2018 तक रमन सिंह सरकार ने 3.10 रुपये अर्थात 94 प्रतिशत की बढ़ोतरी की वर्तमान सरकार ने डेढ़ साल में ही कुल 80 पैसे की वृद्धि कर 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। कांग्रेस पाटएँ ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है साथ ही गुण्डरदेही में पदस्थ सहायक अभियंता पी.एल.महेश्वरी द्वारा कनिष्ठ अभियंताओं के अधिकारों का स्वयं केन्द्रीयकरण कर अस्थायी एवं स्थायी विद्युत कनेक्शन लेने पर तथा ट्रांसफार्मर स्थापन में अवैध पैसा वसूली, जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार सहित लगातार अन्य मनमानी की शिकायत आ रही है, जिन पर तत्काल उचित कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

### कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी फिर दर में वृद्धि

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है,ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी करके आमजनता की जेब मे डाका डाला है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद,बीज और बिजली कटौती से परेशान है। अब कृषि पम्प में बिजली बिल बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है। इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे जिले में आंदोलन करेगी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता काफी आक्रोशित दिखे साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए के बेरिकेड्स को तोड़ने का प्रयास किया। इस अवसर पर सोनादेवी देशलहरा, संजय साहू, डॉ नारायण साहू, केके राजू चंद्राकर, संजय बारले, नुरुल्ला खान, पार्षद सलीम खान, सुचित्र साहू, अश्वनी सोनकर, भूपेंद्र चंद्राकर, सलीम खान, तरुण साहू, तामेश्वर देशमुख, मोंटू चंद्राकर, दाऊद खान, विधायक प्रतिनिधि तरुण पारकर, जनपद सदस्य आसिफ गहलोत, रामेश्वर चंद्राकर, रीना देशमुख, रिजवान तिगाला अभिषेक यादव, शिवकुमार साहू, बलराम अंगारे सहित कांग्रेस के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## भटगांव के प्रतिनिधियों ने किया विधानसभा परिसर का शैक्षिक





**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत भटगांव गुण्डरदेही के पंचायत प्रतिनिधियों ने विधानसभा परिसर भ्रमण कर सदन की कार्यवाई देखी। भाजपा मण्डल गुण्डरदेही के अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधी थानसिंह मंडावी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत भटगांव के पंचायत प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व महिला एवं बालविकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू से मुलाकात की और ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। सरपंच भारती साहू एवं पंचों ने विधानसभा परिसर के भ्रमण और विधान सभा सदन की कार्यवाही को अवलोकन करते हुए अपनी अनुभव को साझा करते हुए एक प्रेरणा दायक अवसर बताया तथा लोक तांत्रिक व्यवस्था प्रणाली को निकट से देखने का अवसर प्राप्त हुआ।

विधानसभा भ्रमण करने वालों में मण्डल अध्यक्ष गुण्डरदेही युवराज मार्कण्डेय, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, सरपंच भारती साहू, उपसरपंच ताराचंद चतुर्वेदी, पंच गण सरिता यादव, चेतना साहू, पुष्पलता रात्रि, अनुसैया यादव, घनश्याम साहू, अश्वनी साहू, रामसिंह एवं कम्प्यूटर आपरेटर मकसूदन चतुर्वेदी ने विधान सभा सदन की कार्यवाही देखी।



## स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षा किट प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बरसात के मौसम मे नगर के स्वच्छता कर्मीयो की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए नगर पालिका बालोद द्वारा नगर के स्वच्छता कर्मीयो को सुरक्षा किट प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रलय के अंतर्गत नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के तत्वावधान में किया गया।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने नगर पालिका के अध्यक्ष कक्ष में स्वयं सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट प्रदान की। इस किट में मास्क, सेफ्टी सूट, चश्मा, हेलमेट, जूते व अन्य सुरक्षा सामग्री शामिल है, जो खासतौर पर बरसात के मौसम में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। नगर पालिका प्रशासन ने इस अवसर पर स्वच्छता योद्धाओं के प्रति आभार जताते हुए भरोसा दिलाया कि उनके कार्यस्थल की सुरक्षा और सुविधा के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेंगे।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, सभापति प्रीतम यादव, पार्षदगण गिरजेश गुप्ता, कमल पनपालिया, गजेंद्र यादव, तरुण साहू, राकेश बंटी बाफना, जग्गू डीमर, वैभव राखेचा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूर्णानंद आर्य, सफाई निरीक्षक समेत अनेक अधिकारी, कर्मचारी और सफाई कमएँ उपस्थित थे।

## विनायकपुर में सीसी रोड निर्माण कार्य का हुआ शुरू

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर 15 अक्टूबर 2023-ग्राम पंचायत विनायकपुर के वार्ड नंबर 6 में सीमेंटेड कंक्रीट (सीसी) रोड का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह परियोजना 15वीं वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय सहायता से संचालित की जा रही है।

इस कार्य का उद्देश्य गांव के परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करना और निवासियों को बेहतर यातायात सुविधा प्रदान करना है। इस निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार ने कहा, यह परियोजना गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल सड़क की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि गांव के लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार होगा। उन्होंने बताया कि इस सीसी रोड के निर्माण के लिए आवश्यक सभी संसाधनों को जुटाया गया है और कार्य जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। वार्ड क्र. 6 में मौजूद क्षेत्रीय जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर ने भी इस परियोजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमारे गांव को बेहतर बुनियादी ढाँचे की आवश्यकता थी।



सीसी रोड का निर्माण निश्चित रूप से हमारे गांव के विकास में मदद करेगा। यह न केवल निवासियों के लिए, बल्कि व्यापारियों और आगंतुकों के लिए भी लाभकारी होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंचगण जैसे श्रीमती लतेश्वरी साहू, जनक साहू, दिनेश देशमुख, जगन्नाथ देवांगन, दिलीप चंद्राकर, चिंताराम साहू, नरहरी धीवर, डोमेन्द्र साहू, नीलम साहू, युवराज सेन और यशवंत देवांगन भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस विकासात्मक परियोजना का स्वागत किया और इसके सफल कार्यान्वयन की कामना की।

## अभी तक नहीं हुई जमकर बारिश किसान चिंतित, खेती प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे सावन लगने के बाद दिनभर मे मात्र आधा या एक घंटे की मूसलाधार बारिश से जिला तर बतर हो जा रहा है और ऐसे ही बारिश से आम जन के साथ किसान के चेहरे खिल उठे है जिससे समय समय पर हो रही बारिश से ना तो किसानी प्रभावित हो रही है और ना ही काम धंधो पर असर पड़ रहा है। पिछले दो दिनो मे सावन लगने के बाद सावन की झड़ी नही बल्कि दिन मे सिर्फ एक या आधा घंटे की बारिश से जिला तर बतर हो रहा है। जिससे वर्तमान मे लगाए गए धान के फसलो को पर्याप्त पानी भी मिल जा रहा है और उसे नुकसान भी नही पहुंच रहा है जिससे फसल अच्छे से विकसित होकर अच्छे पैदावार प्रदान करेंगे। वही दिन भर मे मात्र एक या आधा घंटे की बारिश से आम जन जीवन भी प्रभावित नही हो रहा है और लोग अपने काम धंधे मे आसानी से आना जाना कर पा रहे है और काम धंधा बारिश से बिना प्रभावित हुए चल रहा है और ऐसी ही बारिश की आस किसान से लेकर आम जनता को हमेशा बनी रहती है।

## सुरसुली से मालीघोरी मंदिर तक 20 को विशाल कांवड़ यात्रा



**डौंडीलोहारा।** पवित्र श्रावण मास में दिनांक 20 जुलाई दिन रविवार को नर्मदा धाम सुरसुरी देवरी की पवित्र जल कुंड से ऐतिहासिक पुरातत्व कुकुर देव शिव मंदिर मालीघोरी खपरी तक का काँवर यात्रा का आयोजन रखा गया है, जिसमें आप सभी शिव भक्त अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इस विशाल रैली को सफल बनावें। कांवड़ यात्रा में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालु सुबह 6:00 बजे कुकुर देव मंदिर प्रांगण ग्राम खपरी मालीघोरी उपस्थित होवें, कुकुर देव मंदिर से नर्मदा धाम प्रस्थान हेतु बस/ गाड़ियों की व्यवस्था की गई है, बुजुर्ग एवं महिला कावड़ यात्रियों हेतु निशुल्क विशेष बस व्यवस्था की गई है ,शेष श्रद्धालु पदयात्रा करेंगे। इस विशाल कावड़ यात्रा में संत श्री राम बालक दास महात्यागी पाटेश्वर धाम डौंडी लोहारा , आचार्य श्री पंडित युवराज पांडे राष्ट्रीय कथावाचक अमलीपदर जिला गरियाबंद, पंडित राजेश तिवारी,श्री राज राजेश्वर श्री राधाबल्लभ सेवा संस्थान ग्राम कामता बोल बम समिति ग्राम मालीघोरी, पाटेश्वर संस्कार वाहिनी बड़ेजुंगेरा ,बोल बम सेवा समिति ग्राम कोरगुडा के सदस्य व बाबा अवधूतेश्वर धाम ग्राम भेडी लोहारा के सदस्य विशेष रूप से सम्मिलित रहेंगे।

## बालोद शहर और ग्रामीण में अलग अलग डीसी स्थापित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद शहर व बालोद ग्रामीण को अलग डी.सी बनाने की मांग करते हुए अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी रायपुर को जनसेवक संजारी बालोद विधासभा प्रत्याशी व पूर्व प्रदेश मंत्री भाजापा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि बालोद डी.सी मे 18718 उपभोक्ता है, शहर का डीसी एवं बालोद ग्रामीण का डीसी अलग किया जावे क्योकि उपभोक्ता बहुत होने से जनता को पर्याप्त सुविधा नही मिल पाता, 24 घंटे बिजली नही मिल पाता। उपभोक्ताओ को अन्य भी बहुत सारी समस्या रहता है। कर्मचारी की कमी रहती है शिकायत करने पर कई महीने लग जाता है। शहर मे रात दिन कट



ऑफ होता है। ग्रामीण क्षेत्रे मे धान की फसलो को पर्याप्त पानी नही मिल पाता है। किसान, आम जनता, दुकानदार, व्यापारी, ग्रामीण लोग भी परेशान है।

विद्यार्थीयो को पढ़ाई मे परेशानी होता है। बालोद शहर मे 9900 उपभोक्ता व बालोद ग्रामीण मे 8715 उपभोक्ता है। इस कारण से शहर एवं ग्रामीण डीसी को अलग अलग किया जाना आव"यक है। विभाग मे तकनीकी कर्मचारियो, वाहन की भारी कमी रहता है विभाग को भी बहुत समस्या होता है। इसलिए आम जनता के बीच मे राज्य शासन की छवि पर असर पड़ रहा है। गंभीर समस्या को शीघ्र ही निराकरण किया जाए।

## वन महोत्सव सह वृहद पौधारोपण 20 को, अधिकारियों को सौंपी जवाबदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिले में रविवार 20 जुलाई को आयोजित की जाने वाली वन महोत्सव सह वृहद पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस आयोजन के सफलतापूर्वक संपादन हेतु जिला स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

इसके अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी तथा अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी चंद्रकांत कौशिक को कार्यक्रम के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था व आवश्यक मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाए जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार उपमंडलाधिकारी वन सडिम्पी बैस को पौधारोपण हेतु

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी

आवश्यक व्यवस्था यथा गढ्ढो की तैयारी, गढ्ढों की साज सज्जा (रंगोली), गढ्ढो को सीरियल नंबरिंग, खाद व्यवस्था, बेरिकेंटिंग हेतु आवश्यक बांस बल्ली, मंच हेतु बैकड्राप, अतिथियों के लिए बैच एवं मोमेनटो एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्था एवं व्यक्तियों के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह, कार्यक्रम के आवश्यक फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी, ई–कार्ड, अतिथियों के माता–पिता के नाम की पट्टिका, एल.ई.डी. स्क्रीन बैकड्राप, स्टैंडी की व्यवस्था हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी प्रकार कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्रीमती पूर्णिमा चंद्रा को मंच व पंडाल व्यवस्था, मंच पर अतिथियों के लिए स्वल्पाहार व्यवस्था एवं विश्रामगृह में अतिथियों के लिए भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी लिलेश साहू को एल.ई.डी. स्क्रीन, टी.वी., लाईट एवं साउण्ड व्यवस्था, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा को मंच पर बैठक व्यवस्था, जिला शिक्षा अधिकारी को उद्घोषक व्यवस्था, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर एवं उप संचालक पंचायत काव्या जैन को स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक पेयजल की व्यवस्था, अनुविभागीय अधिकारी भारत संचार निगम लिमिटेड को बीएसएनएल कनेक्टीवीटी, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग को पुष्पहार एवं पुष्प व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी तरह ई–डिस्ट्रीक्ट मैनेजर को विडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश एवं प्रत्येक जनपद पंचायत से एक व्यक्ति से माननीय प्रभारी मंत्री जी के साथ संवाद की आवश्यक व्यवस्था एवं वेबेक्स लिंक के माध्यम से लाईव की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर को एन.सी.सी., स्काउट गाईड, रेडक्रास एवं बैंड की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग को अबाधित विद्युत व्यवस्था एवं आवश्यक जेनेरेटर व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मेडिकल संबंधी तथा जिला नगर सेनानी, नगर सेना बालोद को फायर बिग्रेड की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

